Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to include Purnia in Smart City scheme and to provide drainage and sewerage system in the city.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र पूर्णिया और पूर्णिया शहर की समस्या आपके सामने रखना चाहता हूँ। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के माननीय मंत्री पुरी साहब यहाँ बैठे हुए हैं। पूर्णिया में केन्द्र की सरकार और राज्य की सरकार, दोनों सरकारों ने काफी काम किया है। हमारा जो डिस्ट्रिक्ट है, वह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट में भी शामिल है। पूर्णिया नगर निगम की स्थिति काफी खराब है। वहाँ पर ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम नहीं है। उस इलाके में वर्षा भी बहुत अधिक होती है। आज पूरा शहर जलमग्न है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से माँग करता हँ कि पूर्णिया में ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम मिले।

इसको स्मार्ट सिटी में शामिल करके इस योजना को पूर्णिया में लागू कराने की कृपा की जाए। अध्यक्ष महोदय, आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि माननीय मंत्री जी से इस पर आश्वासन दिलाएं कि पूर्णिया को स्मार्ट सिटी में शामिल कर ड्रेनेज सीवरेज सिस्टम पूर्णिया को दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री संतोष कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।